**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**17.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में लगभग 69 करोड़ रूपये के विभिन्न विकासात्मक कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने घुमारवीं में 6 करोड़ रूपए से अधिक की लागत से बनने वाले बहुउद्देशीय खेल परिसर और 6 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित होने वाले पुलिस फैमिली क्वाटर की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने घुमारवीं में करीब 5 करोड़ रूपये की लागत से बने पुलिस थाने और सीर खड्ड में निर्मित चैक डैम का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि घुमारवीं में बहुउद्देशय खेल परिसर बनने से युवाओं की नेतृत्व क्षमता को नई उंचाईयों तक पहुंचाने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में नये अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विकास परियोजनाएं जिनके आज शिलान्यास किए गए हैं वे क्षेत्र की सुविधा सुरक्षा और सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए विकसित की जाएंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने घुमारवीं में राज्य स्तरीय अखिल भारतीय पैंशनर्स दिवस समारोह में भी शिरकत की।

..........................................................................

**इंदू गोस्वामी**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि जगाधरी और पौंटा साहिब के बीच नई रेल लाईन बिछाने का सर्वे पूरा कर लिया गया है। राज्य सभा सांसद इंदू बाला गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि 62 किलोमीटर लम्बी रेल लाईन परियोजना का निर्माण कार्य कम ट्रैफिक के आकलन की वजह से शुरू नहीं किया गया है। इंदू गोस्वामी के एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय आवास व शहरी विकास राज्य मत्री तोखन साहू ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत जून 2020 से अब तक स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा डिजिटल तरीके से ऋण चुकाने के लिए रेहड़ी पटड़ी वालों को दो सौ 42 करोड़ रूपए का कैश बैक प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना में अब तक कुल एक करोड़ 27 लाख ऋण के लिए आवेदन प्राप्त हुए है जिनमें से 68 लाख 89 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को 99 लाख 7 हजार रूपए के ऋण प्रदान किए गए हैं। तोखन साहू ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत निर्धारित समय सीमा के भीतर ऋण चुकाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को ब्याज पर सात प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत डिजिटल लेन देन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डिजिटल माध्यम से ऋण अदायगी के लिए अधिकतम 12 सौ रूपए प्रतिवर्ष प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है।

.........................................................................

**राजेंद्र राणा**

भाजपा प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर शहीद सैनिकों के परिवारों और वीर नारियों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा है कि पिछले दो वर्षों से वीर नारियों, युद्ध में शहीद सैनिकों के परिवारों और वीरता व विशिष्ट पुरस्कार विजेताओं को मिलने वाली देय राशि व पैंशन में लगातार में देरी हो रही है। राजेंद्र राणा ने कहा कि ये स्थिति देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों और उनके परिजनों के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार ने इस गंभीर मुददे पर जल्द संवदेनशीलता नहीं दिखाई तो भाजपा संघर्ष करेगी।

.........................................................................

**<u>हवाई सेवाएं</u>**

दिल्ली—कुल्लू हवाई रूट पर एलायंस एयरलाइन ने आगामी एक महीने तक का शेड्यूल जारी कर दिया है जिसके चलते क्रिसमस और नए साल के जश्न के लिए कुल्लू—मनाली घूमने आने वाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे कुल्लू जिला संवाददाता

.........................................................................

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है, लेकिन सुबह शाम शुष्क ठंड पड़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 20 और 21 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ स्थानों पर वर्षा और बर्फबारी के आसार बन रहे हैं जिससे यहां आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को इस वर्ष व्हाइट क्रिसमस की उम्मीदें बढ़ गई है। विभाग के अनुसार एक हल्का पश्चिमी विक्षोभ आज रात से हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है जिससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आज और कल हल्की बर्फबारी हो सकती है।

.........................................................................